**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3050**

**06 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**तंजावुर में एसबीएम-यू 2.0 के अंतर्गत शामिल यूएलबी**

**3050. श्री मुरसोली एस.:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्ष के दौरान स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) 2.0 के अंतर्गत तंजावुर जिले में शामिल शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) की संख्या कितनी है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान तंजावुर शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और सीवेज उपचार अवसंरचना के लिए आवंटित की गई और जारी की गई निधि कितनी है; और

(ग) क्या तंजावुर को स्मार्ट सिटीज़ मिशन या किसी अन्य शहरी विकास योजना के अंतर्गत शामिल करने पर विचार किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क) और (ख) : स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) तंजावुर जिले सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के शहरी क्षेत्रों में कार्यान्वित किया जाता है। इसके अलावा, 1 अक्टूबर, 2021 को शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) 2.0 के तहत, 1 लाख से कम आबादी वाले शहरों में मल कीचड़ और सेप्टेज से समग्र रूप से निपटने के लिए एक नए घटक के रूप में प्रयुक्त जल प्रबंधन (यूडब्ल्यूएम) को जोड़ा गया है। इसलिए, तंजावुर शहर के लिए सीवेज शोधन इंफ्रास्ट्रक्चर को एसबीएम-यू 2.0 के यूडब्ल्यूएम घटक के तहत कवर नहीं किया गया है।

भारत सरकार ने तमिलनाडु राज्य को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) घटक के अंतर्गत 807.40 करोड़ रुपए आबंटित किए हैं जिसके लिए 806.60 करोड़ रुपए के केन्द्रीय हिस्से वाले प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया है, जिसमें से तंजावुर सहित तमिलनाडु राज्य को 265.66 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

शहरों को 'आत्मनिर्भर' और 'जल सुरक्षित' बनाने के उद्देश्य से 25 जून, 2015 को शुरू किए गए अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) और 1 अक्टूबर, 2021 को शुरू

किए गए अमृत 2.0 के तहत तंजावुर शहर के लिए सीवेज शोधन इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दिया जा रहा है।

अमृत के तहत, राज्य ने तंजावुर जिले के कुंभकोणम यूएलबी में 67.8 करोड़ रुपये की 01 सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजना शुरू की है। अमृत 2.0 के तहत, राज्य ने तंजावुर जिले में सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन क्षेत्र में कोई परियोजना शुरू नहीं की है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान तंजावुर जिले सहित तमिलनाडु राज्य को अमृत/अमृत 2.0 के तहत परियोजनाओं के लिए 4547.68 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

(ग): स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) 25 जून 2015 को शुरू किया गया और 31 मार्च 2025 तक लागू किया गया था, जिसमें एक चुनौती/प्रतियोगिता के माध्यम से 100 चयनित शहरों को शामिल किया गया था, तंजावुर मिशन के तहत चुने गए शहरों में से एक था।

एससीएम के तहत, तंजावुर शहर में 996 करोड़ रुपये की कुल 103 परियोजनाएं शुरू की गईं, जिनमें से 989 करोड़ रुपये की 102 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। तंजावुर स्मार्ट सिटी ने 490 करोड़ रुपये की केंद्रीय वित्तीय सहायता का दावा किया है। शहर द्वारा 31.03.2026 तक दी गई सूचना के अनुसार, उनमें से 488 करोड़ रुपये का उपयोग कर लिया गया है।

तंजावुर जिले के 24 यूएलबी में, तमिलनाडु राज्य ने अमृत 2.0 के तहत जल आपूर्ति, जलाशय पुनरूद्धार और पार्कों के विकास के क्षेत्रों में 90.59 करोड़ रुपये की 47 परियोजनाएं शुरू की हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) और पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत, तंजावुर जिले में 13,424 आवासों को मंजूरी दी गई है, उनमें से 12,763 आवासों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और 12,205 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

****